**रेलवे में धोखाधड़ी के मामले**

1510. **श्री महेन्द्र सिंह लाठर :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1 जनवरी, 1992 से आज तक रेलवे में अनेक घोटाले हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो इनका ब्यौरा क्या है और इन घोटालों की जांच करने वाली एजेन्सियों के नाम क्या क्या हैं और अब तक इस जांच से क्या परिणाम निकले हैं; और

(ग) क्या सरकार इन घोटालों को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय जांच ब्यूरो के माध्यम से अनेक उच्चाधिकारियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है और यदि हां, तो ऐसे अधिकारियों के पदनाम व संख्या का ब्यौरा क्या है और इस अवधि के दौरान कितने दोषी अधिकारियों को दण्डित किया गया है और कितने मामले अभी भी विचाराधीन हैं ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :** (क) से (ग) रेलवे में मंत्रालय स्तर एवं क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों के स्तर पर एक सुव्यवस्थित सतर्कता संगठन विद्यमान है । सन् 1992 में जनवरी से अक्तूबर तक की अवधि के दौरान 18998 निवारक जांच की गई और घूस, कदाचार, धोखेबाजी आदि के आरोपों की 3175 शिकायतों की छानबीन की गई थी । इसके अतिरिक्त इस अवधि के दौरान 661 प्रलोभन जांच भी की गई थीं ।

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो जो रेलवे के सतर्कता संबंधी कार्य में सहायता करता है, के साथ नियमित और बारंबार संपर्क बनाए रखा जाता है । अधिकारियों के मामले में, केन्द्रीय सतर्कता आयोग की सलाह भी ली जाती है ।

जनवरी से अक्तूबर 1992 तक के दौरान की गई निवारक जांच, जिसमें प्रलोभन जांच और शिकायतों की जांच और शिकायतों की छानबीन भी शामिल है, के फलस्वरूप 101 रेल अधिकारियों के विरुद्ध बड़ी शास्ति की कार्रवाई (बर्खास्त करने, सेवा से हटाने, अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने और ओहदे में कमी करने आदि) तथा 129 के विरुद्ध छोटी शास्ति की कार्रवाई शुरू की गई थी । इस अवधि के दौरान 27 अधिकारियों पर बड़ी शास्ति तथा 130 पर छोटी शास्ति आरोपित की गयी थी ।

रेलें प्रतिवर्ष केन्द्रीय जांच ब्यूरो के परामर्श से संदेहास्पद रेल अधिकारियों की एक सूची बनाती हैं और उन पर निगरानी रखती हैं ।

**Re operating Trains by Bhavnagar Division**

1511. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE : Will he Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) what steps have been taken by Government to re-operate the train withdrawn by Bhavnagar Division, particularly in Junagadh and Porbandar area in view of the inconvenience faced by the people of this area; and

(b) the reasons for withdrawing the train services even though there was enough traffic on this track ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) (a) and (b) out of 7 pairs of trains cancelled in Bhavnagar Division on account of water shortage, 4 pairs (including by an extension of existing service) have been restored. In one case compensatory stoppages of Girnar Express at 2 stations have been provided. Restoration of other services has not been found justified on account of less traffic and availability of alternative train and bus services on the section.

**राजस्थान में मीटर गेज लाइन**

1512. **श्री शिवचरण सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) राजस्थान में मीटर गेज लाइनें कहां-कहां और कितनी दूरी पर चलती है;

(ख) उक्त लाइनों के कारण कितना घाटा हुआ है;